दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

मुख्यालय, बिलासपुर – 495 004 (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

खड़गपुर–राउरकेला खण्ड पर यात्री गाड़ियों का परिचालन निर्धारित समय पर प्रारंभ

बिलासपुर, 10 दिसम्बर, 2011

सुरक्षा कारणों से खड़गपुर–राउरकेला खण्ड पर दिनांक 28.05.2010 से रात्रि 10.00 से सुबह 05.00 बजे तक यात्री गाड़ियों का परिचालन को नियंत्रित करके पुनःनिर्धारित समय पर चलाई जा रही थी। अब इस खण्ड पर गाड़ियों का परिचालन दिनांक 11.12.2011 से पूर्व निर्धारित समय (**समय सारिणी के अनुसार**) पर पुनः शुरू किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से इस खण्ड पर सभी यात्री ट्रेने रात्रि 10.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक 75 किमी./घंटे की नियंत्रित गति से चलाई जायेंगी।

रेकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अभी 1–2 दिनों तक कुछ ट्रेनों को पुनःनिर्धारित समयों के अनुसार चलाया जायेगा एवं तत्पश्चात सभी ट्रेनों को नियमित समय सारिणी के अनुसार चलाया जायेगा।

विस्तृत विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 11 दिसम्बर, 2011 को पुरी से छुटने वाली 18477 पुरी–हरिद्वार कलिंग उत्कल एक्स. एवं दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को हरिद्वार से छुटने वाली 18478 हरिद्वार–पुरी कलिंग उत्कल अपने निर्धारित समय एवं मार्ग टाटानगर–खड़गपुर–भद्रक–कटक होते हुए चलेगी।
- दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 को एलटीटी से छुटने वाली 12151 एलटीटी–हावड़ा एक्सप्रेस एवं दिनांक 16 दिसम्बर, 2011 को हावड़ा से छुटने वाली 12152 हावड़ा–एलटीटी एक्स. अपने निर्धारित समय पर चलेगी।
- दिनांक 16 दिसम्बर, 2011 को पोरबंदर से छुटने वाली 12949 पोरबंदर–संतरागाछी एक्स. एवं दिनांक 18 दिसम्बर, 2011 को संतरागाछी से छुटने वाली 12950 संतरागाछी–पोरबंदर एक्स. अपने निर्धारित समय पर चलेगी।
- दिनांक 11 दिसम्बर, 2011 को पोरबंदर/ओखा से छुटने वाली 12905 पोरबंदर–हावड़ा एक्स. एवं दिनांक 13 दिसम्बर, 2011 को हावड़ा से छुटने वाली 12906 हावड़ा–पोरबंदर एक्स. अपने निर्धारित समय पर चलेगी।
- दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को एलटीटी से छुटने वाली 12101 एलटीटी–हावड़ा एक्सप्रेस एवं दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को हावड़ा से छुटने वाली 12102 हावड़ा–एलटीटी एक्स. अपने निर्धारित समय पर चलेगी।
- दिनांक 12 एवं 13 दिसम्बर, 2011 को रात 20.15 बजे हावड़ा से छूटने वाली 12810 हावड़ा–मुम्बई मेल दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर, 2011 को हावड़ा से पुर्नःनिर्धारित समय देर रात/सुबह 02.00 बजे छूटेगी। **इसके उपरांत यह गाड़ी दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 से हावड़ा से अपने निर्धारित समय 20.15 बजे छुटेगी। इसी प्रकार दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 को मुम्बई से छुटने वाली 12809 मुम्बई–हावड़ा मेल अपने निर्धारित समय पर चलेगी।**
- दिनांक 12 एवं 13 दिसम्बर, 2011 को रात 21.55 बजे हावड़ा से छूटने वाली 12130 हावड़ा–पुणे आजाद हिंद एक्स. दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर, 2011 को हावड़ा से पुर्नःनिर्धारित समय देर रात 00.30 बजे छूटेगी। **इसके उपरांत यह गाड़ी दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 से हावड़ा से अपने निर्धारित समय 21.55 बजे छुटेगी।**

इसी प्रकार दिनांक 12 एवं 13 दिसम्बर, 2011 को पुणे से छुटने वाली 12129 पुणे–हावड़ा आजाद हिंद एक्स. पुर्नःनिर्धारित समय चलेगी। **इसके बाद दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 से पुणे से अपने निर्धारित समय पर छुटेगी।**

- दिनांक 11 दिसम्बर 2011 से बिलासपुर एवं टाटा के मध्य चलने वाली 58114 बिलासपुर–टाटा पैसेंजर अपने निर्धारित समय से चलेगी। इसी प्रकार दिनांक 12 दिसम्बर 2011 को टाटा से छुटने वाली 58113 टाटा–बिलासपुर पैसेंजर अपने निर्धारित समय से चलेगी। इस सेवा के शुरू हो जाने के कारण 08113/08114 टाटा–बिलासपुर स्पेशल को 11/12 दिसम्बर, 2011 से रद्द कर दिया जायेगा।
- दिनांक 11 दिसम्बर, 2011 से शालीमार से छुटने वाली 18030 शालीमार–कुर्ला एक्स. अपने निर्धारित समय से छुट कर नियमित समयानुसार चलेगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य गाड़ियां जैसे 18029 कुर्ला–शालीमार एक्स., 12905 पोरबंदर–हावड़ा एक्स., 12101 मुम्बई–हावड़ा एक्स., 12151 एलटीटी–हावड़ा समरसता एक्स., 12834 हावड़ा–अहमदाबाद एक्स. जिसे खड़गपुर खण्ड पर नियंत्रित किये जाते थे उन सभी गाड़ियों को उनके निर्धारित समय पर चलाई जायेगी।

,,,,,,,,,